Adda247
GET IT ON Google Play

**1.** दिए गए आरेख में :

I. आयत उन व्यक्तियों को दर्शाता है जो अंग्रेजी जानते हैं।

II. त्रिकोण उन व्यक्तियों को दर्शाता है जो मराठी जानते हैं।

III. वर्ग उन व्यक्तियों को दर्शाता है जो तेलुगु जानते हैं।

IV. वृत्त उन व्यक्तियों को दर्शाता है जो हिंदी जानते हैं।

1 से 12 तक अंकित किए गए क्षेत्र व्यक्तियों के बीच भाषा प्रवीणता के विभिन्न संयोजनों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कितने व्यक्ति केवल अंग्रेजी बोल सकते हैं ?

In the given diagram :

I. Rectangle represents persons who know English.


II. Triangle represents persons who know Marathi.

III. Square represents persons who know Telugu.

IV. Circle represents persons who know Hindi.

The regions labelled from 1 to 12 represent various combinations of language proficiency among the individuals.

How many individuals can speak English exclusively ?




(A) 19 (B) 5 (C) 17 (D) 12

**2.** यदि अक्षरों का क्रम A, F, K, P,___ है, तो अगला क्या आएगा ?

If the sequence of letters is A, F, K, P,___, what comes next ?

(A) T (B) U (C) V (D) W

**3.** उस विकल्प को चुनिए जिसमें संख्याएँ उसी संबंध को साझा करती हैं जो दिए गए संख्या युग्म द्वारा साझा किया गया है।

Select the option in which the numbers share the same relationship as that shared by the given pair of numbers.

185 : 199

(A) 126 : 134 (B) 178 : 187 (C) 139 : 153 (D) 89 : 106

**4.** एक निश्चित कोड में, 'LEARNING' को '160' के रूप में लिखा जाता है। उस कोड में 'PREPARATION' कैसे लिखा जाएगा ?

In a certain code, 'LEARNING' is written as '160'. How will 'PREPARATION' be written in that code ?

(A) 248 (B) 124 (C) 266 (D) 133


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

5. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश में उनके क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और जो पहले आता है, उसे चुनिए :
Arrange the following words as per their order in an English dictionary and choose the one that comes first :
Hardboard; Handspring; Handover; Handstand
(A) Handover (B) Handspring (C) Handstand (D) Hardboard





6. श्रृंखला पूरी कीजिए।
Complete the series.
2, 6, 12, 20, 30, 42, ___
(A) 65 (B) 56 (C) 49 (D) 51

7. यदि H + I का अर्थ है H, I की बहन है; H − I का अर्थ है H, I का भाई है और H × I का अर्थ है H, I की माँ है, तो निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि J, P की बेटी है ?
If H + I means H is the sister of I; H − I means H is the brother of I and H × I means H is the mother of I, which of the following means that J is the daughter of P ?
(A) P − Q × J − M (B) P + Q − J × M (C) P − Q × J + M (D) P × Q − J + M

8. दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द 'PARANORMAL' के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता।
Choose the word from the given alternatives that cannot be formed using each letter of the given word 'PARANORMAL' only once.
(A) NORM (B) PALM (C) ROAR (D) RARE

9. श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the missing number in the series.
20, 35, 60, 105, 190, _____.
(A) 225 (B) 280 (C) 560 (D) 355

10. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख पृथ्वी, समुद्र और सूर्य के बीच के संबंध को सबसे अच्छे ढंग से दर्शाता है ?
Which of the following diagrams best illustrates the relationship between Earth, Sea and Sun ?

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 


11. शेर गुफा में है जैसे मकड़ी __________ में है।
(A) जाला (B) टीला (C) पेड़ (D) ओसारा (शेड)
Lion is to in Den as Spider is to _____.
(A) Web (B) Hill (C) Tree (D) Shed




12. प्रिया 20 मी. पूर्व की ओर चलना शुरू करती है, फिर बाएँ मुड़ती है और 40 मी. चलती है, फिर दाएँ मुड़ती है और 30 मी. चलती है। अब वह दाएँ मुड़ती है और 40 मी. चलती है। प्रिया अपने आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है ?
(A) 50 मी. (B) 70 मी. (C) 60 मी. (D) 65 मी.
Priya started walking towards east for 20 m, then took left and walked for 40 m, then turned right and walked for 30 m. Now she turns right and walks 40 m. How far is priya from her starting point ?
(A) 50 m (B) 70 m (C) 60 m (D) 65 m

Adda247 GET IT ON Google Play

13. दी गई आकृतियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उत्तर आकृतियों में से वह विकल्प चुनिए जो प्रश्न आकृतियों में देखे गए पैटर्न को बनाए रखता हो।

Study the provided figures carefully and choose an option from the answer figures that maintains the pattern observed in the problem figures.



(A)    (B)    (C)    (D) 

14. एक साइकिल चालक 12 किलोमीटर पश्चिम की ओर जाता है और फिर दाईं ओर मुड़कर 7 किलोमीटर की दूरी तय करता है। साइकिल चालक अब किस दिशा की ओर जा रहा है ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) दक्षिण (D) उत्तर

A cyclist rides 12 kilometres west and then turns right and rides 7 kilometres. In which direction is the cyclist now travelling ?

(A) East (B) West (C) South (D) North

15. एक स्कूल में कक्षा IX के छात्रों के चार सेक्शन A, B, C, D हैं।

| परिणाम | सेक्शन A | सेक्शन B | सेक्शन C | सेक्शन D |
|---|---|---|---|---|
| दोनों परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्र | 28 | 23 | 17 | 27 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र | 14 | 12 | 8 | 13 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र | 6 | 17 | 9 | 15 |
| दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र | 64 | 55 | 46 | 76 |

दोनों परीक्षाओं में से किस सेक्शन में उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे अधिक है ?

(A) सेक्शन A (B) सेक्शन B (C) सेक्शन C (D) सेक्शन D

A school has four sections A, B, C, D of Class IX students.


| Result | Section A | Section B | Section C | Section D |
|---|---|---|---|---|
| Students failed in both exams | 28 | 23 | 17 | 27 |
| Students failed in half-yearly but passed in annual exams | 14 | 12 | 8 | 13 |
| Students passed in half-yearly but failed in annual exams | 6 | 17 | 9 | 15 |
| Student passed in both exams | 64 | 55 | 46 | 76 |

Which section exhibits the highest pass percentage in either of the two examinations ?

(A) Section A (B) Section B (C) Section C (D) Section D

Adda247 GET IT ON Google Play

**16.** ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पता लगाइए कि पिछले वर्ष से अगले वर्ष तक चाय की अधिकतम प्रतिशत वृद्धि क्या है।
Study the graph and find what is the maximum percentage increase of tea from the previous year to the next year.





| | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|
| milk (दूध) | 14 | 15 | 16 | 18 |
| coffee (कॉफी) | 14 | 13 | 16 | 18 |
| tea (चाय) | 13 | 15 | 17 | 20 |

(A) 10% (B) 30.25% (C) 17.65% (D) 20%


**17.** दी गई कोड भाषा का उपयोग करके निम्नलिखित अभिव्यक्ति को सरल बनाइए, जहाँ '+' '×' को दर्शाता है, '×' '−' को दर्शाता है, '−' '÷' को दर्शाता है और '÷' '+' को दर्शाता है।
Simplify the following expression using the given code language, where '+' represents '×', '×' represents '−', '−'represents '÷' and '÷' represents '+'.
$9 + 4 - 6 \times 6 \div 8$


(A) 16 (B) 8 (C) 12 (D) 24


**18.** अगला चित्र चुनिए जो दिए गए पैटर्न को जारी रखता है।
Choose the next figure that continues the pattern.




I II III IV

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**19.** सादृश्य पूरा कीजिए :
Complete the analogy :
$145 : 15^4 :: 532 : ?$

(A) $32^5$ (B) $52^3$ (C) $35^2$ (D) $52^2$

Adda247 GET IT ON Google Play

20. यदि आपके पास एक नियमित पंचभुजीय (पेंटागोनल) प्रिज़्म है और आप इसे इसके आधारों (बेसेस) के समानांतर काटते हैं, तो अनुप्रस्थ-काट (क्रॉस-सेक्शन) किस आकार का है ?

(A) षड्भुज (हेक्सागॉन) (B) आयत (रेक्टेंगल) (C) वर्ग (स्क्वायर) (D) पंचभुज (पेंटागन)

If you have a regular pentagonal prism and you slice it parallel to its bases, what shape is the cross-section ?

(A) Hexagon (B) Rectangle (C) Square (D) Pentagon

21. अनुक्रम में अगला क्या आता है ?

What comes next in the sequence ?

A, C, E, G, __

(A) I (B) H (C) J (D) K

22. एक मेज़ पर चार कार्ड रखे गए हैं। प्रत्येक कार्ड पर एक तरफ एक नंबर और दूसरी तरफ एक अक्षर होता है। प्रदर्शन पर कार्ड 3, 8, E और K दिखाते हैं। हमारी आवश्यकता को पूरा करने के लिए किन कार्डों को पलटना चाहिए ?

"यदि किसी कार्ड में एक तरफ स्वर है, तो दूसरी तरफ एक सम संख्या है।"

(A) 8 और K (B) 3 और K (C) 8 और E (D) 3 और E

Four cards are placed on a table. Each card has a number on one side and a letter on the other. The cards on display show 3, 8, E and K. Which cards must be turned over to satisfy our requirement ?

"If a card has a vowel on one side, then it has an even number on the other side."

(A) 8 and K (B) 3 and K (C) 8 and E (D) 3 and E

23. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए विपिन कहता है, "यह लड़की मेरे पिता की इकलौती संतान की बेटी है।" विपिन की पत्नी पार्वती का उस लड़की से क्या संबंध है ?

(A) बेटी (B) माँ (C) मामी (D) बहन

Pointing towards a girl, Vipin says, "This girl is the daughter of the only child of my father." What is the relation of Vipin's wife Parvathy to that girl ?

(A) Daughter (B) Mother (C) Aunt (D) Sister

24. सादृश्य पूरा कीजिए :

कैमरा : फोटोग्राफर :: माइक्रोस्कोप : ?

(A) आर्किटेक्ट (B) रसोइया (C) पायलट (D) बायोलॉजिस्ट

Complete the analogy :

Camera : Photographer :: Microscope : ?

(A) Architect (B) Chef (C) Pilot (D) Biologist

25. डॉल्फ़िन और व्हेल समान कैसे हैं ?

(A) दोनों के पास स्केल्स हैं (B) दोनों हवा में साँस लेते हैं

(C) दोनों अंडे देते हैं (D) दोनों मछली हैं


How are dolphins and whales similar ?

(A) Both have scales (B) Both breathe air

(C) Both lay eggs (D) Both are fish


Adda247
GET IT ON Google Play

**26.** दिए गए चित्र में त्रिभुजों (ट्रायंगल्स) की संख्या गिनिए।
Count the number of triangles in the given figure.







(A) 12 (B) 16 (C) 18 (D) 10


**27.** दिए गए चित्रों में से, वह चुनिए जो दी गई श्रृंखला को पूरा कर सके।
Out of the figures given, choose the one that will complete the series.






?


(A)  (B)  (C)  (D) 

**28.** निम्न में से विषम ज्ञात कीजिए :
Find the odd one from the following :



(A)  (B)  (C)  (D) 

**29.** दी गई आकृति में कितने आयत हैं ?
How many rectangles are there in the given figure ?



(A) 13 (B) 14 (C) 15 (D) 17

**30.** श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series.


62, 55, 48, 41, ___

(A) 34 (B) 32 (C) 38 (D) 36


Adda247
GET IT ON Google Play


**31.** ज्ञात कीजिए कि, पहली आकृति (X) में दिए गए टुकड़ों से कौन-सी आकृति बनाई जा सकती है।


Find out which of the figures can be formed from the pieces given in the first figure (X).




(X)

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**32.** उन अक्षरों की जोड़ी को चुनिए जो समूह में अन्य से भिन्न हो।

Choose the letter pair which is different from others in the group.

(A) GB (B) TO (C) OK (D) MH

**33.** श्रृंखला : 3, 5, 11, 29, 83, ___

श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?

Series : 3, 5, 11, 29, 83, ___

What is the next number in the series ?

(A) 283 (B) 253 (C) 233 (D) 245

**34.** कुछ छात्र यात्रा पर गए और खर्च की जाने वाली कुल नियोजित राशि ₹ 96 थी। हालांकि, 4 छात्र नहीं आए और परिणामस्वरूप शेष छात्रों को ₹ 4 अतिरिक्त का योगदान देना पड़ा। यात्रा में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या क्या थी ?

A few students went on a trip and the total amount planned to be spent was ₹ 96. However, 4 students did not turn up and as a result the remaining students had to contribute ₹ 4 extra. The number of students who attended the trip was :

(A) 8 (B) 10 (C) 12 (D) 6


**35.** चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन अक्षर-समूह किसी-न-किसी रूप में एक जैसे हैं, जबकि एक अक्षर-समूह अलग है। विषम अक्षर-समूह को चुनिए।


Four letter-clusters have been given out of which three are alike in some manner, while one is different. Choose the odd one.


(A) HJLN (B) PRTV (C) OQRT (D) BDFH


**36.** विषम ज्ञात कीजिए।


Find the odd one.



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**37.** एक परिवार में 6 सदस्य A, B, C, D, E, F हैं। B, C का बेटा है, लेकिन C, B की माँ नहीं है। A और C विवाहित जोड़ा है। E, C का भाई है। D, A की बेटी है। F, A का भाई है। परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं ?

A family consists of 6 members A, B, C, D, E, F. B is the son of C, but C is not the mother of B. A and C are a married couple. E is the brother of C. D is the daughter of A. F is the brother of A. How many female members are there in the family ?

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

Adda247
GET IT ON Google Play

**38.** यदि 6 आमों की कीमत ₹ 90 है, तो 10 आमों की कीमत क्या है ?
If the cost of 6 mangoes is ₹ 90, what is the cost of 10 mangoes ?
(A) ₹ 120 (B) ₹ 130 (C) ₹ 150 (D) ₹ 160

**39.** एक राशि का भुगतान ₹ 1,764 की दो वार्षिक किस्तों में किया जाता है, जिससे वार्षिक संयोजित 5% चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। तो उधार ली गई राशि कितनी थी ?
A sum of money is paid back in two annual instalments of ₹ 1,764 each, allowing 5% compound interest compounded annually. The sum borrowed was :
(A) ₹ 3,280 (B) ₹ 3,220 (C) ₹ 3,200 (D) ₹ 3,240

**40.** C और B एक कार्य को क्रमशः 18 दिनों और 24 दिनों में कर सकते हैं। उन्होंने 8 दिनों तक एक साथ काम किया और फिर C चला गया। B ने शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा किया ?
(A) 5 दिन (B) $5\frac{1}{3}$ दिन (C) $8\frac{1}{3}$ दिन (D) 10 दिन
C and B can do a work in 18 days and 24 days respectively. They worked together for 8 days and then C left. In how many days did B finish the remaining work ?
(A) 5 days (B) $5\frac{1}{3}$ days (C) $8\frac{1}{3}$ days (D) 10 days

**41.** A और B प्रत्येक एक कार्य को 75 दिनों में कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य शुरू किया लेकिन A ने कुछ समय बाद छोड़ दिया और B ने शेष कार्य को 23 दिनों में पूरा किया। A ने कार्य शुरू होने के कितने दिनों के बाद छोड़ दिया ?
(A) 26 दिन (B) 19 दिन (C) 18 दिन (D) 25 दिन
A and B each can do a work in 75 days. They began the work together but A left after some time and B completed the remaining work in 23 days. After how many days of the start of the work did A leave ?
(A) 26 days (B) 19 days (C) 18 days (D) 25 days

**42.** एक वस्तु की कीमत में 25% वृद्धि की गई। तत्पश्चात् कीमत को 20% घटा दिया गया और फिर 10% बढ़ा दिया गया। तो कीमत में परिणामी वृद्धि क्या है ?
The increase in the price of a certain item was 25%. Then the price was decreased by 20% and then again increased by 10%. What is the resultant increase in the price ?
(A) 5% (B) 10% (C) 12.5% (D) 15%

**43.** क्रमशः ₹ 180 प्रति किलोग्राम और ₹ 280 प्रति किलोग्राम दर वाली दो प्रकार की चाय को किस अनुपात में मिलाया जाए कि प्राप्त मिश्रण को ₹ 320 प्रति किलोग्राम पर बेचे जाने पर 20% का लाभ हो ?
In what ratio must the two types of tea at ₹ 180/kg and ₹ 280/kg respectively be mixed so that the obtained mixture sold at ₹ 320/kg earns a profit of 20% ?
(A) 3 : 13 (B) 4 : 13 (C) 1 : 14 (D) 2 : 13

**44.** A और B की गति की दरों के बीच का अनुपात 2 : 3 है और इसलिए A को गंतव्य तक पहुँचने में B द्वारा लिए गए समय से 15 मिनट अधिक समय लगता है। यदि A दुगुनी गति से चला होता, तो उसे दूरी तय करने में कितना समय लगता ?
(A) 22.5 मिनट (B) 35 मिनट (C) 21.5 मिनट (D) 45 मिनट
The ratio between the speed of travelling of A and B is 2 : 3 and therefore A takes 15 minutes more than the time taken by B to reach a destination. If A had walked at double the speed, how long would he have taken to cover the distance ?
(A) 22.5 mintues (B) 35 mintues (C) 21.5 mintues (D) 45 mintues

**45.** एक धनराशि साधारण ब्याज पर 5% वार्षिक दर से 3 गुना हो जाती है। उसी समय में यह धनराशि किस दर % पर 6 गुना हो जाएगी ?
A sum of money becomes three times at 5% per annum simple interest. At what rate % will it become six times in the same time ?
(A) 10.5% (B) 14% (C) 11% (D) 12.5%

Adda247
GET IT ON Google Play

**46.** सेवा से सेवानिवृत्ति पर एक व्यक्ति की पेंशन उसकी सेवा के पिछले 3 वर्षों के दौरान औसत वेतन के आधे के बराबर है। उसका वेतन 1-1-1983 को ₹ 380 प्रति माह है और 1-10-83, 1-10-84 और 1-10-85 पर ₹ 40 देय राशि की वृद्धि के साथ यदि वह 1-1-86 को सेवानिवृत्त होता है, तो वह प्रति माह कितनी पेंशन प्राप्त करता है ?

A man's pension on retirement from service is equal to half the average salary during the last 3 years of his service. His salary from 1-1-1983 is ₹ 380 per month, with increment of ₹ 40 due on 1-10-83, 1-10-84 and 1-10-85. If he retires on 1-1-86, what pension does he draw per month ?

(A) ₹ 205 (B) ₹ 215 (C) ₹ 225 (D) ₹ 230

**47.** यदि किसी संख्या का 70%, 0.35 है, तो उस संख्या का 120% ज्ञात कीजिए।

If 70% of a number is 0.35, then find 120% of that number.

(A) 6.4 (B) 7.2 (C) 6.0 (D) 0.6

**48.** एक व्यापारी ने 25% का लाभ शामिल करने के लिए एक वस्तु की कीमत अंकित की लेकिन अंकित मूल्य पर 16% की छूट भी दी। उसका वास्तविक लाभ कितना होगा ?

A trader marked the price of a commodity to include a profit of 25% but allowed a discount of 16% on the marked price. What will be his actual profit ?

(A) 16% (B) 25% (C) 5% (D) 9%

**49.** एक क्रिकेट खिलाड़ी की 30 पारियों के लिए बल्लेबाजी औसत 40 रन है। उसका सर्वोच्च स्कोर उसके न्यूनतम स्कोर से 100 रन से अधिक है। यदि इन दोनों पारियों को शामिल नहीं किया जाए, तो बाकी 28 पारियों का औसत 38 रन है। तो खिलाड़ी का न्यूनतम स्कोर क्या है ?

The batting average for 30 innings of a cricket player is 40 runs. His highest score exceeds his lowest score by 100 runs. If these two innings are not included, the average of the remaining 28 innings is 38 runs. Then the lowest score of the player is :

(A) 19 (B) 18 (C) 20 (D) 17

**50.** एक निर्माता एक विशेष घटक के 2000 टुकड़ों को ₹ 50 प्रति पीस की दर से आपूर्ति करने का वचन देता है। उसके अनुमान के अनुसार, यदि 5% घटक गुणवत्ता परीक्षा पास करने में असफल हो जाते हैं, तब भी वह 25% का लाभ कमाएगा। हालाँकि 50% घटकों को अस्वीकार कर दिया गया था। तो निर्माता को कितना नुकसान हुआ है ?

A manufacturer undertakes to supply 2000 pieces of a particular component at ₹ 50 per piece. According to his estimates, even if 5% components fail to pass the quality test, then he will make a profit of 25%. However, as it turned out, 50% of the components were rejected. Then what is the loss to the manufacturer ?

(A) ₹ 24,000 (B) ₹ 26,000 (C) ₹ 28,000 (D) ₹ 30,000

**51.** एक कार को ₹ 6,400 में बेचने पर श्री राव को 20% की हानि हुई। तो कार का क्रय मूल्य क्या है ?

By selling a car for ₹ 6,400, Mr. Rao lost 20%. Then the cost price of the car is :

(A) ₹ 7,200 (B) ₹ 7,680 (C) ₹ 8,000 (D) ₹ 8,400

**52.** एक पुराना टू-व्हीलर-डीलर एक स्कूटर को ₹ 460 में बेचता है और उसे कुछ नुकसान होता है। यदि वह इसे ₹ 580 में बेचता है, तो उसका लाभ उसकी हानि का दुगुना होता है। स्कूटर का क्रय मूल्य क्या था ?

A used two-wheeler-dealer sells a scooter for ₹ 460 and makes some loss. If he had sold it for ₹ 580, his profit would have been double of his loss. What was the cost price of the scooter ?

(A) ₹ 520 (B) ₹ 540 (C) ₹ 480 (D) ₹ 500

**53.** एक नाव धारा के विपरीत 80 किमी 16 घंटे में तथा धारा के साथ 72 किमी 12 घंटे में चलती है। स्थिर जल में नाव की गति है :

(A) 6.5 किमी/घंटा (B) 5.5 किमी/घंटा (C) 6.6 किमी/घंटा (D) 7.5 किमी/घंटा

A boat goes 80 km upstream in 16 hours and 72 km downstream in 12 hours. The speed of the boat in still water is :

(A) 6.5 km/hour (B) 5.5 km/hour (C) 6.6 km/hour (D) 7.5 km/hour

Adda247
GET IT ON Google Play

54. एक व्यक्ति शांत जल में $22\frac{1}{2}$ किमी एक घंटे में तय करता है और वह पाता है कि उसका धारा के विपरीत लिया गया समय, धारा के साथ के समय का दुगुना है। धारा की गति क्या है ?

(A) 12 किमी/घंटा (B) 3 किमी/घंटा (C) $7\frac{1}{2}$ किमी/घंटा (D) $13\frac{1}{2}$ किमी/घंटा

A person can row $22\frac{1}{2}$ km an hour in still water and he finds that it takes him twice as long to row up as to row down the stream. The speed of the stream is :

(A) 12 km/hr (B) 3 km/hr (C) $7\frac{1}{2}$ km/hr (D) $13\frac{1}{2}$ km/hr

55. $\frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Find the HCF of $\frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}$.

(A) $\frac{1}{45}$ (B) $\frac{1}{40}$ (C) $\frac{1}{60}$ (D) $\frac{1}{50}$

56. एक कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी और सचिव हैं। यदि 15 सचिव छुट्टी पर चले जाएँ, तो प्रत्येक सचिव के ऊपर दो वरिष्ठ अधिकारी होते हैं। उसके बाद 45 वरिष्ठ अधिकारियों के छुट्टी पर जाने के पश्चात् अब प्रत्येक वरिष्ठ अधिकारी के पास 5 सचिव रहते हैं। तो फिर ज्ञात कीजिए कि शुरू में कितने सचिव थे।

There are Senior officers and Secretaries in an office. If 15 Secretaries went on leave, then every Secretary has two Senior officers. After that 45 Senior officers went on leave and now every Senior officer has 5 Secretaries. Then find out how many Secretaries were there initially.

(A) 30 (B) 40 (C) 25 (D) 35

57. 285, 510, 1440 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Find the HCF of 285, 510, 1440.

(A) 14 (B) 15 (C) 16 (D) 17

58. UDHR (मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा) का कौन-सा अनुच्छेद उत्पीड़न से शरण लेने के अधिकार की गारंटी देता है ?

(A) अनुच्छेद 10 (B) अनुच्छेद 14 (C) अनुच्छेद 18 (D) अनुच्छेद 25

Which article of the UDHR (Universal Declaration of Human Rights) guarantees the right to seek asylum from persecution ?

(A) Article 10 (B) Article 14 (C) Article 18 (D) Article 25

59. एनपीए का पूर्ण रूप __________ है।

(A) गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (नॉन-परफॉर्मिंग एसिट्स)
(B) गैर-सार्वजनिक परिसंपत्तियाँ (नॉन-पब्लिक एसिट्स)
(C) गैर-पैकेज कार्रवाई (नॉन-पैकेज एक्शन)
(D) गैर-निष्पादित कार्य (नॉन-परफॉर्मिंग एक्शन्स)

The full form of NPA is __________.

(A) Non-Performing Assets
(B) Non-Public Assets
(C) Non-Package Action
(D) Non-Performing Actions

60. उत्तर प्रदेश के किस जिले में 'शेरा नृत्य' मनाया जाता है ?

(A) अमेठी (B) अयोध्या (C) ललितपुर (D) बिजनौर

In which district of Uttar Pradesh is the 'Shera Dance' celebrated ?

(A) Amethi (B) Ayodhya (C) Lalitpur (D) Bijnor

Adda247
GET IT ON Google Play

61. व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
(A) परमाणु हथियारों के उत्पादन पर प्रतिबंध
(B) परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना
(C) मौजूदा परमाणु शस्त्रागार को कम करना
(D) नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए सभी परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध

What is the main purpose of the Comprehensive Test Ban Treaty ?
(A) Ban nuclear weapons production
(B) Promote the peaceful use of nuclear energy
(C) Reduce existing nuclear arsenals
(D) Ban all nuclear explosions for both civilian and military purposes

62. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है ?
(A) खेल (B) नृत्य (C) थियेटर (नाटक) (D) साहित्य

Arjuna Award is conferred for achievements in the field of :
(A) Sports (B) Dance (C) Theatre (D) Literature

63. 'इंडिया विन्स फ्रीडम' किसकी आत्मकथा है ?
(A) राजेंद्र प्रसाद (B) सुभाष चंद्र बोस
(C) एल.के. आडवाणी (D) अबुल कलाम आजाद

'India Wins Freedom' is the autobiography of whom ?
(A) Rajendra Prasad (B) Subhash Chandra Bose
(C) L.K. Advani (D) Abul Kalam Azad

64. 2016 के विमुद्रीकरण के बाद RBI को कितने प्रतिशत 500 और 1000 रुपये के नोट प्राप्त हुए ?
What percentage of 500 and 1000 rupees notes was received by RBI after the 2016 demonetization ?
(A) 98.96% (B) 95.65% (C) 93.27% (D) 97.45%

65. 1993 में मानव अधिकारों पर विश्व सम्मेलन ने __________ को अपनाया गया।
(A) एम्स्टर्डम घोषणा (B) हेलसिंकी घोषणा
(C) विएना घोषणा (D) हेलसिंकी और एम्स्टर्डम घोषणा

The World Conference on Human Rights in 1993 adopted the __________.
(A) Amsterdam Declaration (B) Helsinki Declaration
(C) Vienna Declaration (D) Helsinki and Amsterdam Declaration

66. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों लिए सीटों के आरक्षण को बढ़ाया ?
(A) 42वाँ संशोधन (B) 44वाँ संशोधन (C) 73वाँ संशोधन (D) 79वाँ संशोधन

Which Constitutional Amendment Act extended the reservation of seats for Scheduled Castes a Scheduled Tribes in the Lok Sabha and State Assemblies ?
(A) $42^{nd}$ Amendment (B) $44^{th}$ Amendment (C) $73^{rd}$ Amendment (D) $79^{th}$ Amendment

67. "लोकटक" झील भारत के किस राज्य में स्थित है ?
(A) मेघालय (B) मणिपुर (C) मिजोरम (D) त्रिपुरा

The "Loktak" lake is located in which state of India ?
(A) Meghalaya (B) Manipur (C) Mizoram (D) Tripura

Adda247 GET IT ON Google Play

68. प्रस्तावना (उद्देशिका) में "राष्ट्र की एकता और अखंडता" शब्दों का उद्देश्य किस मौलिक सिद्धांत को बढ़ावा देना है ?
(A) समता (B) न्याय (C) बंधुता (D) संप्रभुता

The words "Unity and Integrity of the Nation" in the Preamble aim to promote which fundamental principle ?
(A) Equality (B) Justice (C) Fraternity (D) Sovereignty

69. ____________ एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो इंटरनेट के माध्यम से आने वाले सभी डेटा को फ़िल्टर करता है।
(A) एंटीवायरस (B) कुकीज़ (C) मालवेयर (D) फ़ायरवॉल

____________ is a software program that filters all the data coming through the Internet.
(A) Antivirus (B) Cookies (C) Malware (D) Firewall

70. दर्शकों के साथ संवाद करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के रणनीतिक उपयोग के लिए क्या शब्द है ?
(A) सामाजिक माध्यम विपणन (बाजारीकरण)
(B) सामाजिक नेटवर्किंग
(C) ऑनलाइन बातचीत
(D) आभासी बातचीत (अंत:क्रिया)

What is the term for the strategic use of social media platforms to communicate with an audience ?
(A) Social media marketing
(B) Social networking
(C) Online chatting
(D) Virtual interaction

71. भूटान की राजधानी क्या है ?
(A) ब्रासीलिया (B) पोर्टो-नोवो (C) थिम्पू (D) साराजेवो

What is the capital of Bhutan ?
(A) Brasilia (B) Porto-Novo (C) Thimphu (D) Sarajevo

72. भारत में सबसे लंबा नदी पुल कौन-सा है ?
(A) रवीन्द्र सेतु
(B) महात्मा गाँधी सेतु
(C) अन्नाई इंदिरा गाँधी ब्रिज
(D) भूपेन हजारिका सेतु

Which is the longest River bridge in India ?
(A) Rabindra Setu
(B) Mahatma Gandhi Setu
(C) Annai Indira Gandhi Bridge
(D) Bhupen Hazarika Setu

73. सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना कब पेश की ?
(A) अप्रैल 1853 (B) अगस्त 1998 (C) जुलाई 1991 (D) नवंबर 1995

When did the Government present the Kisan Credit Card Scheme ?
(A) April 1853 (B) August 1998 (C) July 1991 (D) November 1995

74. भारत और वियतनाम के बीच साझेदारी से उनके क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य में किस प्रकार परिवर्तन आएगा ?
(A) सांस्कृतिक एकीकरण के माध्यम से
(B) आर्थिक प्रतिबंध लगाकर
(C) रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा बढ़ाकर
(D) संयुक्त परमाणु कार्यक्रमों के माध्यम से

How does the partnership between India and Vietnam change their regional security dynamics ?
(A) Through cultural integration
(B) By imposing economic sanctions
(C) By increasing defence cooperation and maritime security
(D) Through joint nuclear programmes

Adda247

GET IT ON Google Play

**75.** जून 2024 तक लोक सभा में विपक्ष के नेता कौन हैं ?

(A) राहुल गाँधी
(B) मल्लिकार्जुन खड़गे
(C) अरविन्द केजरीवाल
(D) सोनिया गाँधी

Who is the Leader of the Opposition in the Lok Sabha as of June 2024 ?

(A) Rahul Gandhi
(B) Mallikarjun Kharge
(C) Arvind Kejriwal
(D) Sonia Gandhi

**76.** "तुगलक नामा" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) अमीर ख़ुसरो
(B) ज़ियाउद्दीन बरनी
(C) इब्न बतूता
(D) एलन ज़ेन

Who is the author of the book "Tughluq Nama" ?

(A) Amir Khusrau
(B) Ziauddin Barani
(C) Ibn Battuta
(D) Allen Zen

**77.** अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) क्या करती है ?

(A) अक्षय (नवीकरणीय) ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है
(B) विकासशील देशों के लिए परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम विकसित करती है
(C) IRENA परमाणु ऊर्जा को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती है
(D) दुनिया भर में जीवाश्मी ईंधन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है

What does the International Renewable Energy Agency (IRENA) do ?

(A) Promotes the use of renewable energy
(B) Develops nuclear energy programmes for developing countries
(C) IRENA focuses on advancing nuclear power
(D) Provides financial aid for fossil fuel projects worldwide

**78.** वैश्विक आतंकवाद विरोधी प्रयासों के समन्वय के लिए किस संगठन को जिम्मेदार माना जाता है ?

(A) इंटरपोल
(B) नाटो
(C) विश्व बैंक
(D) UNCCT

Which organisation is held responsible for coordinating global counterterrorism efforts ?

(A) INTERPOL
(B) NATO
(C) World Bank
(D) UNCCT

**79.** दूध उत्पाद, ब्रेड, आदि आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दर क्या है ?

What is the GST rate for necessary items like milk products, bread, etc ?

(A) 5%
(B) 18%
(C) 12%
(D) 28%

**80.** चंद्रमा पर नासा के मानवयुक्त लैंडिंग मिशन को क्या नाम दिया गया है जो 2024-25 तक होने की संभावना है ?

(A) लुनर गेटवे
(B) ओरियन
(C) अपोलो रीगेन्ड
(D) अरटीमिस

What is the name given to NASA's manned landing mission to the Moon which is likely to happe
2024-25 ?

(A) Lunar Gateway
(B) Orion
(C) Apollo Regained
(D) Artemis

**81.** अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (ITER) परियोजना का उद्देश्य निम्नलिखित की व्यवहार्यता प्रदर्शित करना है :

(A) ऊर्जा उत्पादन के लिए परमाणु विखंडन
(B) बड़े पैमाने पर और कार्बन-मुक्त स्रोत के रूप में संलयन ऊर्जा
(C) उन्नत सौर पैनल प्रौद्योगिकी
(D) अंतरिक्ष-आधारित बिजली उत्पादन

The International Thermonuclear Experimental Reactor (ITER) project aims to demonstrate the feasib
of :

(A) Nuclear fission for energy production
(B) Fusion energy as a large-scale and carbon-free source
(C) Advanced solar panel technology
(D) Space-based power generation

Adda247
GET IT ON Google Play

82. 14 सितंबर को किस रूप में मनाया जाता है ?
(A) राष्ट्रीय हिंदी दिवस
(B) राष्ट्रीय मतदाता दिवस
(C) विश्व कैंसर दिवस
(D) इंजीनियर दिवस

14 September is celebrated as :
(A) National Hindi Diwas
(B) National Voters Day
(C) World Cancer Day
(D) Engineer's Day

83. भारतमाला परियोजना किससे संबंधित है ?
(A) सड़क मार्ग
(B) जलमार्ग
(C) हवाई अड्डों
(D) वानिकी

The Bharatmala Pariyojana is related to :
(A) Roadways
(B) Waterways
(C) Airports
(D) Forestry

84. निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार भारत में प्रकाश के त्योहार के रूप में जाना जाता है ?
(A) होली
(B) दिवाली
(C) क्रिसमस (बड़ा दिन)
(D) ईद

Which of the following festival is known as the festival of lights in India ?
(A) Holi
(B) Diwali
(C) Christmas
(D) Eid

85. भारतीय जीएसटी में निम्नलिखित में से किस प्रकार का कर प्रस्तुत किया जाता है ?
(A) आय कर
(B) सेवा कर
(C) धन कर
(D) संपत्ति कर

Which of the following type of tax is submitted in Indian GST ?
(A) Income Tax
(B) Service Tax
(C) Wealth Tax
(D) Property Tax

86. निम्नलिखित में से किसने पहली बार बुनियादी शिक्षा का विचार प्रतिपादित किया ?
(A) महात्मा गाँधी
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) दयानंद सरस्वती
(D) राजा राम मोहन राय

Who among the following first propounded the idea of Basic Education ?
(A) Mahatma Gandhi
(B) Jawaharlal Nehru
(C) Dayanand Saraswati
(D) Raja Ram Mohan Roy

87. भारत में, 2020 – 21 में कौन-सा राज्य मसालों का प्रमुख उत्पादक था ?
(A) मध्य प्रदेश
(B) असम
(C) तमिलनाडु
(D) कर्नाटक

In India, which state was the leading producer of spices in 2020 – 21 ?
(A) Madhya Pradesh
(B) Assam
(C) Tamil Nadu
(D) Karnataka

88. प्रथम 'लाइफटाइम डिस्टर्बिंग द पीस अवार्ड' (शांति भंग का आजीवन पुरस्कार) का प्राप्तकर्ता कौन है ?
(A) सलमान रुश्दी
(B) अरुंधति रॉय
(C) जो बिडेन
(D) रोरी स्टीवर्ट

Who is the recipient of the first-ever 'Lifetime Disturbing the Peace Award' ?
(A) Salman Rushdie
(B) Arundhati Roy
(C) Joe Biden
(D) Rory Stewart

89. सबसे कम लिंगानुपात वाला भारतीय राज्य है :
(A) हरियाणा
(B) पंजाब
(C) उत्तर प्रदेश
(D) अरुणाचल प्रदेश

The Indian state with the lowest sex ratio is :
(A) Haryana
(B) Punjab
(C) Uttar Pradesh
(D) Arunachal Pradesh

90. जनसंख्या (D) का घनत्व है :
(A) D = S(आकार) / W(वजन)
(B) D = S(स्पेस) / N(संख्या)
(C) D = N(संख्या) / S(स्पेस)
(D) D = S(आकार) / S(स्पेस)

Density of a population (D) is :
(A) D = S(size) / W(weight)
(B) D = S(space) / N(number)
(C) D = N(number) / S(space)
(D) D = S(size) / S(space)

Adda247
GET IT ON Google Play

**91.** बायोमीट्रिक प्रौद्योगिकी का एकीकरण भारत के आंतरिक सुरक्षा ढाँचे को कैसे बढ़ाता है ?

(A) समग्र निगरानी को बढ़ाते हुए वास्तविक समय स्थान ट्रैकिंग प्रदान करके

(B) मानव सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता को पूरी तरह समाप्त करके

(C) नागरिकों के लिए कागज़ी कार्रवाई को कम करके और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके

(D) पहचान और सत्यापन प्रक्रियाओं में सुधार करके

How does the integration of biometric technology enhance India's internal security framework ?

(A) By providing real-time location tracking enhancing overall surveillance

(B) By eliminating the need for human security personnel altogether

(C) By reducing paperwork and streamlining administrative processes for citizens

(D) By improving identification and verification processes

**92.** 1928 में बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था ?

(A) महात्मा गाँधी (B) सरदार वल्लभभाई पटेल

(C) सुभाष चंद्र बोस (D) जवाहरलाल नेहरू

Who led the Bardoli Satyagraha in 1928 ?

(A) Mahatma Gandhi (B) Sardar Vallabhbhai Patel

(C) Subhash Chandra Bose (D) Jawaharlal Nehru

**93.** 2021 में, इंस्टाग्राम को इंटरनेट पर दुनिया भर में सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में ______ स्थान दिया गया था।

(A) दूसरा (B) पहला (C) पाँचवाँ (D) चौथा

In 2021, Instagram was ranked globally at ______ position on the Internet in Most Used S
Media Platforms Worldwide.

(A) Second (B) First (C) Fifth (D) Fourth

**94.** चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कब किया ?

When did China invade Tibet ?

(A) 1952 (B) 1950 (C) 1953 (D) 1949

**95.** निम्नलिखित में से किस जीव को जल प्रदूषण का जैव संकेतक माना जाता है ?

(A) केंचुआ (B) ज़ेबरा (C) मेंढक (D) शेर

Which of the following organisms is considered a bioindicator of water pollution ?

(A) Earthworm (B) Zebra (C) Frog (D) Lion

**96.** यदि आप शब्द 'INFORMATION' के 1, 5, 6 और 8 के अक्षरों का उपयोग करके ठीक एक अर्थपूर्ण अंग्रेज़ी शब्द बना स
तो उस शब्द का चौथा अक्षर क्या होगा ?

If you can form exactly one meaningful English word using the 1st, 5th, 6th and 8th letters of the
'INFORMATION', what will be the fourth letter of that word ?

(A) M (B) T (C) R (D) I

97. दिए गए विकल्पों में से वह युग्म ज्ञात कीजिए जो दिए गए युग्म के समान है।
प्रक्षेप्य : प्रक्षेप पथ
(A) हवाई जहाज : मार्ग
(B) टूटता तारा (उल्का) : वातावरण
(C) जहाज : नॉट्स (समुद्री मील)
(D) उपग्रह : कक्षा

From the given options, find the pair which is similar to the given pair.
Projectile : Trajectory
(A) Aeroplane : Route
(B) Shooting star : Atmosphere
(C) Ship : Knots
(D) Satellite : Orbit

98. यदि धारा के विपरीत चलने वाली नाव की गति 18 किमी/घंटा है, तो धारा की गति क्या है, यदि धारा की दिशा में नाव की गति इसकी विपरीत दिशा वाली गति से 50% अधिक है ?
(A) 4.8 किमी प्रति घंटा
(B) 4.6 किमी प्रति घंटा
(C) 5.2 किमी प्रति घंटा
(D) 4.5 किमी प्रति घंटा

If the speed of a boat moving against the current is 18 km/hr, what is the speed of the stream if the boat's speed downstream is 50% greater than its speed upstream ?
(A) 4.8 kmph
(B) 4.6 kmph
(C) 5.2 kmph
(D) 4.5 kmph

99. 8 मीटर आधार और 16 मीटर ऊँचाई वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है ?
What is the area of a triangle with base 8 meters and height 16 meters ?
(A) 32 $m^2$
(B) 128 $m^2$
(C) 15 $m^2$
(D) 64 $m^2$

100. Y, X के पूर्व में है, जो P के पूर्व में है। Z, Y के उत्तर-पश्चिम में है। Z की किस दिशा में P है ?
(A) उत्तर-पूर्व
(B) दक्षिण-पश्चिम
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) दक्षिण-पूर्व

Y is in the East of X, which is in the East of P. Z is in the North-West of Y. In which direction of Z is P ?
(A) North-East
(B) South-West
(C) North-West
(D) South-East

101. असमान संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the dissimilar number.
9271, 8482, 7633, 6724, 5745.
(A) 5745
(B) 9271
(C) 7633
(D) 6724

102. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या शेष से भिन्न है ?
Which of the following numbers is different from the rest ?
13, 17, 23, 27, 29
(A) 13
(B) 17
(C) 23
(D) 27

103. एक आदमी अपनी यात्रा के पहले 200 किमी 80 किमी/घंटे की गति से तय करता है। खराब मौसम के कारण वह अपनी यात्रा के अगले 200 किमी 50 किमी/घंटा की गति से तय करता है। उसकी यात्रा के पहले 400 किमी के लिए उसकी औसत गति क्या है ?
(A) 61.53 किमी/घंटा
(B) 64.15 किमी/घंटा
(C) 58.15 किमी/घंटा
(D) 68.15 किमी/घंटा

A man travels the first 200 km of his journey at 80 km/hr. Due to bad weather he travels the next 200 km of his journey at 50 km/hr. What is his average speed for the first 400 km of his journey ?
(A) 61.53 km/hr
(B) 64.15 km/hr
(C) 58.15 km/hr
(D) 68.15 km/hr

Adda247 GET IT ON Google Play

104. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए डेज़ी ने कहा, "मेरी कोई बहन नहीं है लेकिन उस आदमी की माँ मेरे पिता की बेटी है।" यह किसकी तस्वीर थी ?

(A) बेटे की (B) बेटी की (C) उसकी अपनी (D) पति की

Pointing to a photograph Daisy said, "I have no sisters but that man's mother is my father's daughter." Whose photograph was it ?

(A) Son's (B) Daughter's (C) Her own (D) Husband's

105. रानी पश्चिम की ओर 20 किमी चली, फिर बायीं ओर मुड़ी और 20 किमी चली। वह फिर बायीं ओर मुड़ी और 20 किमी चली। वह अपने बायीं ओर 45 डिग्री घूम गयी और सीधे चली। अब वह किस दिशा में चल रही है ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) दक्षिण-पूर्व (D) उत्तर-पूर्व

Rani went 20 km towards west, then turned left and went 20 km. She again turned left and went 20 km. She took a 45 degree turn towards her left and went straight. In which direction is she walking now ?

(A) East (B) West (C) South-East (D) North-East

106. निम्नलिखित तालिका पढ़िए और दी गई शर्तों के अनुसार '472938' के लिए प्रासंगिक कोड ज्ञात कीजिए :

| अंक | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अक्षर कोड | M | R | T | B | W | K | D | N | J |

शर्तें :

1. यदि संख्या के पहले और अंतिम दोनों अंक विषम अंक हैं, तो दोनों को 'S' के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।
2. यदि संख्या के पहले और अंतिम दोनों अंक सम अंक हैं, तो दोनों को 'Z' के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।
3. यदि पहले और अंतिम अंकों में से एक विषम है और दूसरा सम है, तो पहले अंक को 'Q' और अंतिम अंक को 'W' के रूप में कोडित करना होगा।

(A) ZTWMNZ (B) KTMWNZ (C) ZTMWNZ (D) KTMWNB

Read the following table and find the relevant code for '472938' as per the conditions given :

| Digit | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Letter code | M | R | T | B | W | K | D | N | J |

Conditions :

1. If both the first and last digits of the number are odd digits, then both are to be coded as 'S'.
2. If both the first and last digits of the number are even digits, then both are to be coded as 'Z'.
3. If one among the first and last digits is odd and the other one is even, then the first digit has to be coded as 'Q' and the last digit as 'W'.

(A) ZTWMNZ (B) KTMWNZ (C) ZTMWNZ (D) KTMWNB

107. श्रृंखला 15, 36, 63, 96, ___ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series 15, 36, 63, 96, ___.

(A) 122 (B) 128 (C) 135 (D) 145

108. दिए गए प्रश्न में, चिह्न :: के बायीं ओर अक्षरों के दो सेट हैं जो किसी तरह से जुड़े हुए हैं। अक्षरों के तीसरे सेट और उसके अंतर्गत चार विकल्पों में से एक के बीच भी यही संबंध बनता है। सही विकल्प ज्ञात कीजिए।

In the given question, there are two sets of letters to the left of the sign :: which are connected in some way. The same relationship obtains between the third set of letters and one of the four alternatives under it. Find the correct alternative.

18120 : RAT :: 18914719 : ?

(A) RINGS (B) RINCH (C) RIMBS (D) RICH

Adda247
GET IT ON Google Play

**109.** विषम युग्म ज्ञात कीजिए।

(A) कुत्ता : पिल्ला
(B) गाय : बछड़ा
(C) कछुआ : कूर्म (टर्टल)
(D) भेड़ : मेमना

Find the odd pair.

(A) Dog : Puppy
(B) Cow : Calf
(C) Tortoise : Turtle
(D) Sheep : Lamb

**110.** एक परिवार में, पाँच सदस्य P, Q, R, S और T हैं। P और Q एक विवाहित जोड़ा है, Q महिला सदस्य है। P, R का इकलौता बेटा है, जिसकी इकलौती बेटी S है। T, S की माँ है। Q, T से कैसे संबंधित है ?

(A) सास
(B) भाभी
(C) बेटी
(D) बहू


In a family, there are five members P, Q, R, S and T. P and Q are a married couple, Q being the female member. P is the only son of R, whose only daughter is S. T is the mother of S. How is Q related to T ?

(A) Mother-in-law
(B) Sister-in-law
(C) Daughter
(D) Daughter-in-law


**111.** निम्नलिखित पाई-चार्ट एक पुस्तक के प्रकाशन में किए गए व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है। पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

The following pie-chart shows the percentage distribution of the expenditure incurred in publishing a book. Study the pie-chart and the answer the question based on it.

*किसी पुस्तक के प्रकाशन में होने वाले विभिन्न व्यय (प्रतिशत में)*




*Various Expenditures (in percentage) Incurred in Publishing a Book*




यदि किसी पुस्तक का अंकित मूल्य लागत मूल्य से 40% अधिक निर्धारित किया गया है, और अंकित मूल्य ₹ 280 है, तो पुस्तक की एक प्रति में प्रयुक्त कागज की लागत क्या है ?

If the marked price of a book is set at 40% above the cost price, and the marked price is ₹ 280, what is the cost of the paper used in one copy of the book ?

(A) ₹ 40
(B) ₹ 60
(C) ₹ 30
(D) ₹ 50

Adda247 GET IT ON Google Play

**112.** नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला के अनुसार प्रश्न का उत्तर दीजिए।
HDYSMWNBQPOCRTBLZVEGUF
दी गई व्यवस्था में कौन-से दो पड़ोसी वर्णमाला क्रम में सबसे दूर हैं ?
(A) B और Q (B) D और Y (C) U और F (D) V और E
Answer the question according to the letter series given below.
HDYSMWNBQPOCRTBLZVEGUF
Which two neighbours in the given arrangement are farthest in the alphabetical order ?
(A) B and Q (B) D and Y (C) U and F (D) V and E

**113.** यदि लोगों के एक समूह में, 40 को चाय पसंद है, 30 को कॉफी पसंद है, और 20 को चाय और कॉफी दोनों पसंद हैं, तो कितने लोग केवल चाय पसंद करते हैं ?
If in a group of people, 40 like tea, 30 like coffee, and 20 like both tea and coffee, how many people like only tea ?
(A) 20 (B) 10 (C) 40 (D) 15

***प्र. सं. 114 से 118 गद्यांश प्रश्न***

झाँसी की रानी (कविता) सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता है। दिए गए कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार
देख मराठे पुलकित होते उसके तलवारों के वार
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खेलवार
महाराष्ट्र कुल देवी उसकी भी आराध्य भवानी थी
बुन्देले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी
खूब लड़ी मरदानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।

**114.** कवयित्री की अधिकांश रचनाएँ हैं :
(A) सामाजिक (B) वात्सल्यपूर्ण (C) देशभक्तिपूर्ण (D) धार्मिक

**115.** 'खूब लड़ी मरदानी वह तो झाँसी वाली रानी थी' में मरदानी शब्द का अर्थ है :
(A) वीरांगना (B) पुरुषों जैसी (C) पुरुषत्ववान (D) लड़ाकू

**116.** उक्त पद्यांश का सही शीर्षक हो सकता है :
(A) झाँसी की रानी (B) 1857 का गदर
(C) अंग्रेज़ों का आक्रमण (D) महाराष्ट्र कुल देवी

**117.** इस कविता की कवयित्री का नाम है :
(A) महादेवी वर्मा (B) सुभद्रा कुमारी चौहान (C) तारा पाण्डेय (D) मीराबाई

**118.** इस कविता में प्रयोग किया गया रस है :
(A) भक्ति (B) करुण (C) श्रृंगार (D) वीर

**119.** दिए गए विकल्पों में से 'विधुर' का स्त्रीलिंग कौन-सा है ?
(A) विधुरनी (B) विधवा (C) विधुरी (D) विधुराइन

120. 'तुम कब आओगे' इस वाक्य में उचित विराम का प्रयोग कीजिए।
(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक चिह्न (C) उपविराम (D) कोष्ठक

121. 1987 में 'मगध (कविता)' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार किसे दिया गया ?
(A) निर्मल वर्मा (B) श्रीकांत वर्मा (C) त्रिलोचन (D) शिव प्रसाद सिंह

122. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?
(A) मात्र (B) खर्च (C) निपट (D) चुपचाप

123. अव्यय के कितने भेद हैं ?
(A) 3 (B) 4 (C) 5 (D) 6

124. 'ऋ' वर्ण का उच्चारण स्थान है :
(A) दन्त (B) कण्ठ (C) ओष्ठ (D) मूर्धा

125. 'काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।' इस उक्ति में प्रयुक्त 'धर्म' शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) मज़हब (B) गुण (C) सत्कर्म (D) कर्तव्य

126. 'कानन' का पर्यायवाची शब्द है :
(A) वन (B) विहिप (C) पुष्प (D) अरण्य

127. कृताकृत में समास है :
(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव (C) कर्मधारय (D) द्विगु

128. निम्नलिखित में से किस वाक्य में कर्तृवाच्य का प्रयोग हुआ है ?
(A) छात्रों द्वारा सजावट की गई।
(B) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।
(C) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।
(D) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

129. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द छाँटिए :
(A) चाहत (B) रंगत (C) मेहनत (D) आहार

130. 'माघ-फागुन में पड़ने वाली ऋतु' के लिए एक शब्द है :
(A) शिशिर (B) शिरोधार्य (C) सुग्रीव (D) ग्रीष्म

131. 'अभिज्ञ' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है ?
(A) मूर्ख (B) जानकार (C) स्पर्श (D) विशेषज्ञ

132. 'चीफ़ की दावत' (कहानी) के रचनाकार हैं :
(A) डॉ. देवराज (B) राजेंद्र यादव (C) भीष्म साहनी (D) दुष्यंत कुमार

133. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्द्ध-विराम चिह्न है ?
(A) ( . ) (B) ( ; ) (C) ( , ) (D) ( । )

134. 'इति – ईति' शब्द-युग्म का सही विकल्प चुनिए :
(A) समाप्ति – बाधा (B) तैयार – दानशील (C) ऋण – ठीक (D) भोगना – जल

135. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए :
(A) मैं गाने की कसरत करता हूँ।
(B) मैं गाने का अभ्यास करता हूँ।
(C) मैं गाने का शौक कर रहा हूँ।
(D) मैं गाने का व्यायाम कर रहा हूँ।

Adda247 GET IT ON Google Play

136. 'अभय – उभय' शब्द-युग्म का सही अर्थ है :
(A) निर्भय – दोनों (B) हवा – अग्नि (C) पढ़ना – पढ़ाना (D) दोनों – निर्भय

137. 'अंधेर नगरी' का अर्थ है :
(A) राज्यविहीन स्थान (B) अन्याय की जगह (C) जहाँ अंधेरा हो (D) सुनसान जगह

138. 'कान्ति – क्लांति' शब्द-युग्म का सही अर्थ है :
(A) चमक – क्लेश (B) चमक – थकावट (C) उलट-फेर – थकावट (D) थकावट – चमक

139. 'आधि – व्याधि' शब्द-युग्म में 'आधि' का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है ?
(A) मानसिक कष्ट (B) आधा (C) पागलपन (D) अधकपारी जैसे रोग

140. 'त' वर्ग की ध्वनियों का उच्चारण स्थान है :
(A) नासिक्य (B) दंत्य (C) मूर्द्धन्य (D) तालव्य

141. 'वह लाचार है, क्योंकि वह अंधा है।' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?
(A) परिणामवाचक (B) सम्बन्धवाचक (C) संकेतवाचक (D) कारणवाचक

142. बिनु पग चलै सुनै बिनु काना, कर बिनु कर्म करै विधि नाना। इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :
(A) असंगति अलंकार (B) विशेषोक्ति अलंकार (C) दृष्टान्त अलंकार (D) विभावना अलंकार

143. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाता है ?
(A) सिनेमा (B) विज्ञान (C) समाज सेवा (D) साहित्य

144. 'दवाई' शब्द का सही बहुवचन रूप वाला विकल्प पहचानिए :
(A) दवाईयाँ (B) दवाइयाँ (C) दवाएँ (D) दवइयाँ

145. वर्णमाला किसे कहते हैं ?
(A) स्वरों को
(B) व्यंजनों के समूह को
(C) वर्णों के व्यवस्थित समूह को
(D) वर्णों के उच्चारण स्थान को

146. "अंगारे बरसना" मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?
(A) कड़ी धूप होना (B) असहनीय पीड़ा होना (C) अंगारों की वर्षा होना (D) कठिन परिश्रम करना

147. "घर का रहस्य जानने वाला बड़ा घातक होता है" अर्थ की बोधक लोकोक्ति है :
(A) घर खीर तो बाहर खीर
(B) घर का भेदी लंका ढाए
(C) घर आये कुत्ते को भी नहीं निकालते
(D) घर की मुर्गी दाल बराबर

148. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द है :
(A) जाना (B) देवता (C) सुन्दर (D) कौन

149. 'मुझे बारिश में भीगना पसंद नहीं है।' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
(A) उत्तम पुरुष
(B) प्रथम पुरुष
(C) उत्तम और प्रथम पुरुष दोनों
(D) अन्य पुरुष

150. निर्वासित में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) इत (B) इक (C) आस (D) उत